—प्रेस नोट—

थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा 15-20 घण्टे के भीतर घर से व्यक्तिगत कारणों से नाराज होकर निकली दो किशोरियों को सकुशल बरामद कर, परिजनों को किया गया सुपुर्द—

ज्ञातव्य हो कि दिनांक 09.10.2020 को थाना कोतवाली शहर पर वादी द्वारा उपस्थित होकर तहरीर दी गयी थी कि उसकी दो पुत्रिया बिना बतायें कही चली गयी, जिसके सम्बन्ध प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया था उक्त अभियोग की विवेचना एवं बरामदगी के क्रम में थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 15-20 घण्टे के भीतर दोनो किशोरियों को आज दिनांक 10.10.2020 को समय 11.00 बजे थाना कोतवाली कटरा क्षेत्रान्तर्गत निवासिनी उनकी सहेली के घर से बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया, उक्त किशोरिया अपने व्यक्तिगत कारणों से परिवारीजन से नाराज होकर घर से चली गयी थी। परिजनों द्वारा पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंशा की गयी।

बरामद करने वाली पुलिस टीम का विवरण—

1- प्र0नि0 रविन्द्र प्रताप यादव थाना कोतवाली शहर मीरजापुर।

2- उ0नि0 कुंवर मनोज सिंह चौकी प्रभारी कचहरी थाना कोतवाली शहर मीरजापुर।

3- का0 अनमोल सिंह थाना कोतवाली शहर मीरजापुर।

4- का0 परवेज आलम थाना कोतवाली शहर मीरजापुर।

5- म0का0 माधुरी थाना कोतवाली शहर मीरजापुर।